हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026

06 वर्षों पूर्व के अतिक्रमण को पक्का करने की मंशा...



07 जुलानिया के बाद सिर्फ दो कलेक्टर में दिखा...





## खबर संक्षेप

### जैसीनगर शासकीय सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण आज

**सागर।** जैसीनगर में शासकीय सांदीपनि विद्यालय का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण शिक्षा मंत्री, म.प्र. शासन राव उदयप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में 7 फरवरी दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत करेंगे।

### जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल व श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**सागर।** जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को सम्पन्न होने जा रही है। जिसके प्रवेश पत्र जारी हो चुके हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी की परीक्षा तिथि 08 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र लिंक पर से डाउनलोड कर सकते हैं।

### शासकीय जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया

**सागर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर विवेक के बी द्वारा शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सागर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान डाइट में संचालित डी.एल.एड. कक्षाओं का अवलोकन किया, कक्षाएं विधिवत संचालित पाई गई, कक्षा में योग विषय के कालखंड में छात्राध्यापकों से बात कर उन्हें आदर्श शिक्षक बनने प्रोत्साहित करते हुये कहा कि योग से तन स्वस्थ्य, मन शांत, आत्म विश्वास में बृद्धि, बुद्धि का विकास होता है जिससे हम जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते है। तत्पश्चात संस्थान का भ्रमण किया गया। संस्थान के प्राचार्य अखिलेश पाठक से डाइट में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की व उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये संस्थान की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।

### 15 दिवस में वार्डों में कर निर्धारण का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा सागर नगर निगम की 5 फरवरी को समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित समस्त 48 वार्डों में भवन स्वामियों के कर की राशि का सत्यापन करने के निर्देश सभी करसंग्राहकों को दिए हैं। निगमायुक्त ने कहा है कि ऐसे भवन जो व्यवसायिक हैं और आवासीय टैक्स जमा कर रहे हैं सभी कर संग्राहक अपने-अपने वार्ड का सर्वे कर किए गए सर्वे कार्य की रिपोर्ट 15 दिवस में निगम कार्यालय में जमा करें एवं इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि मेरे वार्ड में सभी भवनों पर आवासीय एवं व्यवसायिक टैक्स का सही निर्धारण किया गया है। जाँच उपरान्त अगर कोई भवन में भवन स्वामी व्यवसायिक भवन पर आवासीय टैक्स जमा करता पाया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कर संग्राहक की होगी एवं नियमानुसार संबंधित वार्ड के करसंग्राहक पर कार्यवाही की जावेगी।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 8 फरवरी को

**सागर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सागर शाखा द्वारा जिले के समस्त पत्रकार बंधुओं एवं उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर रविवार, 8 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक गर्ल्स डिग्री कॉलेज परिसर, मुख्य बस स्टैंड के पास, सागर आयोजित किया जाएगा। शिविर में लाभ लेने हेतु प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपना एवं अपने परिवारजनों का आधार कार्ड तथा मोबाइल नंबर साथ लेकर अवश्य आएँ।

## केवल सुंदरकांड पढ़ने और सुनने से कोई लाभ नहीं होगा - प्रेमभूषण महाराज

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह श्रीराम कथा में शामिल हुए, दक्षिणमुखी हनुमान की आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री रामचरितमानस में भगवान की पूरी कथा है। मानस जी में ही लिखा है कि भगवान की कथा अति हरि कृपा होने से ही प्राप्त होती है। कथा प्रारंभ से अंत तक पढ़नीऔर सुननी चाहिए, खंडित करके नहीं। कक्षा 2, 4, 5 में नहीं पढ़कर सीधे मास्टर की पढ़ाई की जा सकती है क्या? उक्त बातें मध्य प्रदेश के सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के क्रम में पूर्णाहुति सत्र की कथा का गायन करते हुए प्रेमभूषण महाराज ने व्यासपीठ से कहीं। श्रीराम कथा के पूर्णाहुति सत्र में केंद्रीय कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव, अनेक विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायकों सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कथा पंडाल के पश्चात रुद्राक्ष धाम प्रांगण पहुंच कर दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर के दर्शन किए और आरती की।

सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह जी के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा के क्रम में किष्किंधा कांड, सुंदर कांड, लंका कांड और श्री राम राज्याभिषेक तक की कथा का गायन करते हुए कहा कि सनातन समाज में अखंड रामायण की परंपरा रही है। इस परंपरा का ही पालन किया जाना सबके हित में है। गृहस्थी में रहने वाले लोगों को भी क्रम से ही मानस का पाठ करना चाहिए। क्रम से पढ़ने और सुनने से ही कुछ प्राप्त हो पाता है। महाराज ने कहा कि कथा तो भगवान की ही सुनने लायक है। हर जीव के पास उसकी कथा से ज्यादा उसकी व्यथा है। भगवान की कथा जीव की व्यथा का हरण कर लेती है। प्रभु की कथा हम जितनी बार सुनते हैं नित्य नई लगती है और मन को शांति प्रदान करती है। महाराज ने कहा कि मनुष्य का मूल कार्य है सत्कर्म में लगे रहना, लेकिन अधिकांश लोग तो मूल को ही भूल कर बैठ जाते हैं। मनुष्य को संसार की चर्चा और चिंता करने से पहले स्वयं के बारे में विचार करने की आवश्यकता है। हमें अपने स्वयं के लिए भगवान के आश्रय में ले जाने की आवश्यकता होती है किसी और के लिए नहीं। भक्ति पथ पर बने रहने के लिए ही निरंतर भगवान की कथा का श्रवण करना आवश्यक है। केवल जगदीश में रमने से ही कल्याण होगा।

महाराज ने कहा कि अपने घर में अगर हम भाव के साथ भगवान की सेवा करें तो भगवान खाते भी हैं, नहाते भी हैं, सोते भी हैं और मनुष्य जो भी उत्तम व्यवहार करता है, वह सब करते हैं। समस्या यह है कि सामान्य मनुष्य ने भगवान की जीव भाव रख कर उनकी सेवा कभी की ही नहीं। सुबह स्नान करते हैं, जलपान करते हैं और वह भोग भी लगाते हैं और वही प्रसाद हम पाते हैं। आम आदमी जो कुछ भी सात्विक भोजन करता है, हमारे भगवान वही पाते हैं। पूज्यश्री ने कहा कि आश्चर्य तो तब होता है जब भगवान को लोग एक छोटी सी कटोरी में मिश्री के चार दाने भोग लगा देते हैं और खुद तरह-तरह के पकवान खाते रहते हैं।हमारे सनातन सद्‌ग्रंथों में यह स्पष्ट बताया गया है कि हर वस्तु की अंतिम इच्छा अपने उद्गम में ही समाहित होने की होती है। जिस प्रकार धरती पर कहीं भी जल हो उसकी इच्छा नदियों के माध्यम से जाकर समुद्र में ही समाहित होना होता है। इसी प्रकार ईश्वर का अंश, हर जीव पुनः ईश्वर में ही समाहित होने के लिए ही प्रयासरत होता है। यही उसका अंतिम लक्ष्य होता है। यह अलग बात है कि अपने लक्ष्य के बारे में जानने वाले लोग बहुत कम होते हैं। लक्ष्य को जानने और पाने में कई जन्म बीत जाते हैं। पूज्य महाराज श्री ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति अपने शरीर को ही स्वयं की उपस्थिति मान लेता है। जबकि वास्तविकता यह है कि शरीर तो एक माध्यम है, उस आत्मा का जो परमात्मा से यह कह कर धरती पर आता है कि हम आप का ही गुणगान करते हुए आपके चरणों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि भगवान को पहले मानें फिर उन्हें जान लेंगे। अगर सामान्य मनुष्य को भगवान तक पहुंचने की यात्रा करनी है तो सबसे पहले उन्हें सदगुरु के आश्रय में जाने की आवश्यकता है। भगवान की अति कृपा के बिना धाम में किसी मनुष्य का पहुंचना भी संभव नहीं हो पाता है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोगों को अपने सारे कार्य करते हुए साल में एक दो बार किसी न किसी धाम में पहुंचने का प्रयास अवश्य करना चाहिए।



### धर्म का महायज्ञ मानव को सेवा और प्रेम का मार्ग दिखाता है: शिवराज सिंह चौहान

**सागर।** धर्म का वास्तविक स्वरूप सेवा और प्रेम में निहित है। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धर्म का महायज्ञ मानव को स्वार्थ से ऊपर उठकर सेवा, भक्ति और प्रेम का मार्ग दिखाता है। परमपूज्य पं. प्रेमभूषण जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानव जीवन का परम लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति और समाज के कल्याण के लिए कर्मरत रहना है।यह उद्गार केंद्रीय कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा मंच से अपने संबोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान परमपूज्य पं. प्रेमभूषण जी महाराज का जीवन प्रेम, ज्ञान और भक्ति का अनुपम उदाहरण है। आत्मा के मोक्ष और जगत के कल्याण के लिए की जाने वाली उनकी कथाएं समाज को सही दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणमुखी हनुमान जी के भव्य मंदिर का निर्माण कराने वाले भूपेन्द्र सिंह जी वास्तव में सौभाग्यशाली हैं। ऐसे कार्य केवल ईश्वर की विशेष कृपा से ही संभव होते हैं। उन्होंने सभी संतगणों एवं उपस्थित अतिथियों को सादर प्रणाम किया।चौहान ने कहा कि अभी उन्हें नेता कहकर संबोधित किया गया, लेकिन सच्चा आनंद नेता बनने में नहीं बल्कि सेवक बनकर कार्य करने में है। मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति और आनंद की अनुभूति है। शास्त्रों में भगवान को प्राप्त करने के तीन मार्ग बताए गए हैं कृज्ञान, भक्ति और कर्म।

## सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने की आदत डालो : महेश जाटव

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा स्वीकृत जिला शहर कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान करने एवं उन्हें विपक्ष की भूमिका मजबूत करने जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों व आमंत्रित विशेष सदस्यों को शुभकामनाएं दी। महेश जाटव ने कहा कि अब जिला शहर कांग्रेस कमेटी का गठन हो गया है अतः सभी पदाधिकारी गण जनता की आवाज बनकर सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लग जाएं । भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है जनता के हक के लिए विरोध करने की आदत डालें । पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा हमें एक-एक बूथ को मजबूती से तैयार कर आने वाले चुनाव में जीत सुनिश्चित करना है। जगदीश यादव ने कहा एक-एक कार्यकर्ता को अनुशासन में रहकर काम करना है। सुरेंद्र सुहाने ने कहा जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी झूठ को फैलाकर जनता को झूठ परोस रही है उसे झूठ को हम सभी को मिलकर बेनकाब करना है। नवनियुक्त संगठन महामंत्री ने कहा हमारे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नए युवाओं को मौका दिया है राहुल गांधी की सोच के अनुसार यह टीम तैयार हुई है जो आगे जाकर सामान्य से सागर शहर में संगठन को मजबूत करेगी। अमित राम जी ने कार्यक्रम में सभी को शुभकामनाएं प्रदान की उन्होंने कहा सभी को संगठन के अनुसार अनुशासन में रहकर काम करना पड़ेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष महेश जाटव व ब्लॉक अध्यक्षों व समस्त पदाधिकारीयों के साथ जुलूस के रूप में तीन बत्ती गौर मूर्ति पहुंचकर गौर मूर्ति पर माल्यार्पण कर आतिशबाजी की।




### आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित करने के दिए निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम में कार्यरत सफाई मित्रों तथा उनके परिवारजनों को निशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह शिविर दिनांक 9 फरवरी सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त खत्री ने एनयूएलएम शाखा के सिटी मैनेजर विक्रम जैन को शिविर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### ज्ञान, भ्रम व ज्ञानमीमांसीय अन्याय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# ब्रह्म तर्क का विषय नहीं है, वहां से मनुष्य के ज्ञान की सीमा निर्धारित होती है : प्रो. निर्माल्य नारायण चक्रवर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दर्शनशास्त्र विभाग डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से आयोजित हो रही त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 6 फरवरी को सुबह विश्वविद्यालय के रंगनाथन भवन में किया गया। संगोष्ठी समसामयिक महत्वपूर्ण विषय – ज्ञान, भ्रम एवं ज्ञानमीमांसीय अन्याय पर आयोजित हो रही है। उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, कुलपति डॉ. हरीसिंह विश्वविद्यालय, सागर ने की। अध्यक्ष के साथ मंचासीन रहे संगोष्ठी के बीज वक्ताप्रो. निर्माल्य नारायण चक्रबर्ती (कुलपति, प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय, कलकत्ता एवं अध्यक्ष भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली) मानद अतिथि के रूप में प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत (अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान अध्ययनशाला, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर) संगोष्ठी के निदेशक डॉ. अनिल कुमार तिवारी (विभगाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग), संगोष्ठी की समन्वयक डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती (सहायक आचार्य, दर्शनशात्र विभाग) संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. अर्चना वर्मा (सहायक आचार्य, दर्शनशास्त्र विभाग)।



उद्‌घाटन सत्र का प्रारंभ मंगलाचरण के साथ मंचस्थ गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन, ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं इस ज्ञान मंदिर के संस्थापक डॉ. सर हरीसिंह गौर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण से हुआ। इसके उपरान्त मंचस्थ अतिथियों, गणमान्यों का स्वागत, सम्मान शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

संगोष्ठी के निदेशक डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का आत्मीय एवं हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने संगोष्ठी के विषय का महत्व भी बतलाया। संगोष्ठी के विषय का परिचय डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती ने कराया। डॉ. देबस्मिता ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान के स्वरूप, स्त्रोत, सीमा एवं शर्तों पर भारतीय एवं पाश्चात्य दोनों दार्शनिक परम्पराओं लम्बे समय से विमर्श होता आ रहा है। प्रमुख प्रश्न है – कुछ जानने का सत्यता (वास्तव) में क्या अर्थ है। उन्होंने वर्तमान सन्दर्भ में ज्ञान सम्बन्धी समस्याओं, ज्ञानमीमांसीय अन्याय व उसके निदान के रूप में संगोष्ठी के उद्देश्य को स्पष्ट किया।

मानद अतिथि प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने दर्शनशास्त्र विभाग को बधाई देते हुए कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग हमेशा कुछ न कुछ सार्थक गतिविधियाँ आयोजित करता रहता है, जो प्रेरित करने वाली होती हैं।

बीज वक्तव्य देते हुए प्रो. निर्माल्य नारायण चक्रबर्ती ने ज्ञान की सीमा पर केन्द्रित अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान की सीमा पर भारतीय एवं पाश्चात्य दोनों परम्परा में विमर्श है। गार्गी याज्ञवल्क्य के संवाद का उदाहरण देते हुए प्रो. चक्रबर्ती बतलाते हैं कि गार्गी याज्ञवल्क्य से कारणता के सम्बन्ध में प्रश्न करती हुई ब्रह्म तक पहुँचती है। ब्रह्म तर्क का विषय नहीं है। वहाँ मनुष्य के ज्ञान की सीमा निर्धारित होती है। उन्होंने न्याय दर्शन एवं पाश्चात्य के काण्ट के भी उदाहरण दिए।

प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान को शक्ति में परिवर्तित होना चाहिए। आतातायियों ने हमारे नालन्दा, तक्षशिला आदि भारतीय ज्ञान-परम्परा के साहित्य को नष्ट कर दिया था। ज्ञान के संरक्षण के लिए शास्त्र एवं शस्त्र दोनों की आवश्यकता है। उन्होंने दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व स्नातकोत्तर छात्र रहे प्रसिद्ध दार्शनिक ओशो रजनीश के सागर विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय के रोचक प्रसंगों से भी सभा को अवगत कराया। इसके बाद सरस्वती वंदना हुई। आभार प्रदर्शन डॉ. अर्चना वर्मा ने किया। मंच संचालन दर्शनशास्त्र विभाग की शोधार्थी अक्षरा सिंघई एवं स्नातकोत्तर के छात्र हिमांक चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से किया।

## युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड ने वेब सीरीज घूसखोर पंडित का विरोध किया

**सागर।** हाल ही में चर्चा में आई इक फिल्म को लेकर विरोध शुरू हो गया है। युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष भरत तिवारी ने नेटफ्लिक्स की इंडिया डायरेक्टर रुचिका कपूर शेख, वेब सीरीज निर्माता नीरज पांडेय ओर अभिनेता मनोज बाजपेई पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। 12 फरवरी को ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर घूसखोर पंडित नामक वेब सीरीज रिलीज होनी है। इसमें ब्राह्मण समाज को जानबूझ कर अपमानित करने का प्रयास किया गया है। भरत तिवारी ने कहा कि सबसे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस तरह की वेब सीरीज एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से ब्राह्मणों की नकारात्मक छवि गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। यदि शीघ्र ही यह दूषित कार्य बंद नहीं हुआ तो ब्राह्मण समाज चुप नहीं बैठेगा। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ सागर एवं युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड ने चेतावनी दी है कि अगर वेब सीरीज पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया और ऐसा आपराधिक कृत्य करने वालों के ऊपर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो बुंदेलखंड सहित पूरे देश में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



### सरस्वती शिशु मंदिर में द्वादश कक्षा का अध्ययन कर चुके भैया-बहनों का दीक्षांत समारोह संपन्न

**गढ़ाकोटा ।** सागर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल गढ़ाकोटा में अपनी द्वादश कक्षा का अध्ययन कर चुके भैया-बहनों के दीक्षांत (विदाई) समारोह आयोजन किया गया। जिसमे व्यवस्थापक एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने उपस्थित होकर संबोधित किया। सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले बच्चों का विद्यालय परिवार से एक गहरा नाता जुड़ जाता है गुरुवार के दिन द्वादश की शिक्षा पूर्ण कर चुके भैया बहनों द्वारा अपनी शिक्षा और विद्यालय परिवार से जुड़े भावुक और यादगार अनुभवों को सुनकर गर्व की अनुभूति हुई। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार केवल परीक्षा पास करना नहीं सिखाता, बल्कि अच्छे इंसान बनना सिखाता है समय की कीमत, मेहनत का महत्व और दूसरों का सम्मान। सभी बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु हार्दिक शुभकामनायें आप सभी निश्चित ही अपने विद्यालय,परिवार और समाज का नाम रोशन करेगें। इस अवसर पर प्राचार्य संजय सिंह, विद्यालय के सह व्यवस्थापक शमिक शर्मा, प्रधानाचार्य दयाराम पटेल सहित दीदी आचार्य और भैया बहनें उपस्थित थी।

### मनी सिंह ने थाना मकरोनिया के सब इंस्पेक्टर पर लगाए पिता को प्रताड़ित करने के आरोप

**सागर।** पुलिस के हाथों में भय मुक्त समाज बनाने की जिम्मेदारी होती है,और इसी लिए पुलिस को समाज का पहरेदार भी कहा जाता है। जब आम आदमी को कोई दिक्कत या किसी के द्वारा प्रताड़ित या परेशान किया जाता है तब कोई भी व्यक्ति सीधा पुलिस से मदद मांगता है। लेकिन जब पुलिस ही आम जन को प्रताड़ित करने लगे तो व्यक्ति कहा जाए। एक ऐसा ही मामला मकरोनिया थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां पदस्थ सब इंस्पेक्टर राजेश शर्मा पर मकरोनिया निवासी मनी सिंह गुरोन ब उनके पिता गुरनाम सिंह को मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगा है। मनी सिंह ने एस आई राजेश शर्मा के खिलाफ सागर पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपा है, इसके अलावा राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग, पुलिस महानिदेशक सहित ग्रह मंत्रालय को भी आवेदन भेजा गया है। दरअसल डॉ गुरनाम सिंह ने एक मामले की शिकायत मकरोनिया थाने में की थी, जिसकी जांच एस आई राजेश शर्मा कर रहे है। आरोप है की एस आई ने बयान दर्ज कराने के नाम पर डॉ गुरनाम सिंह को काफी समय तक थाने में बैठाया, जबकि नियम अनुसार किसी भी बुजुर्ग व्यक्ति को कार्यवाही के नाम थाने नहीं बुलाया जाता। बता दे की डॉ गुरनाम सिंह हार्ट पेशेंट है, पुलिस द्वारा अनुचित व्यवहार के कारण डॉ गुरनाम सिंह तनाव में रहे और यही तनाव एक सप्ताह बाद हार्ट अटैक का कारण बन गया। मनी सिंह का आरोप है की एस आई राजेश शर्मा मामले को टालते हुए जांच को प्रभावित कर रहे है,जो इनकी कर्तव्य निष्ठा और नियत को उजागर कर रहा है। मनी सिंग ने पुलिस अधीक्षक से उचित कार्रवाई की मांग की है ।



### विवि: बौद्धिक संपदा अधिकारों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना समय की आवश्यकता : डॉ. बेटकर

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग में विभागीय अकादमिक फोरम के अंतर्गत "शिक्षा में अमूर्त संपत्तियों तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की साक्षरता का संवर्धन" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्लोबल विलेज कालेज, सोलापुर (महाराष्ट्र) के प्राचार्य डॉ. बेटकर एम. एम. मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रानी दुबे द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत से हुआ। अपने व्याख्यान में डॉ. बेटकर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों को भौतिक संपदा अधिकारों के समतुल्य बताते हुए कॉपीराइट एवं पेटेंट के विभिन्न प्रकारों पर सुस्पष्ट एवं सउदाहरण चर्चा की। उन्होंने पेटेंट ड्राफ्टिंग की प्रक्रिया, पेटेंट फाइलिंग के प्रकार तथा पेटेंट कराने की पात्रता को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षा में पेटेंट के स्वरूप, शैक्षिक पेटेंट की महत्ता एवं उपयोगिता तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी। डॉ. बेटकर ने संपूर्ण व्याख्यान को शिक्षा-केंद्रित रखते हुए आकर्षक एवं तथ्यपरक प्रस्तुति के माध्यम से अध्यापकों एवं शोधार्थियों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का संतोषजनक एवं तार्किक उत्तर दिया।कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने विभागीय अकादमिक फोरम की भूमिका को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में नवाचार को दी गई प्राथमिकता का उल्लेख किया। उन्होंने शोधार्थियों से समाज एवं राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए शोध कार्य करने तथा अपने नवाचार में मौलिकता और व्यावहारिकता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### विभाग में मुस्तैद सिंह नाम से मशहूर जतारा रेंजर ने की बेदखली की कार्रवाई

# वर्षों पूर्व के अतिक्रमण को पक्का करने की मंशा पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



वर्षों पूर्व किए गए अतिक्रमण को पक्का करने की नीयत से वनभूमि माफिया ने जैसे ही हजारों की तादात में ईंट लाकर निर्माण शुरु किया। वैसे ही उक्त अतिक्रमण निर्माण की खबर मिलते ही वन विभाग जतारा के वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार अपने दलबल और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे। और अतिक्रमण की गई वनभूमि की जमीन पर पुनः बुलडोजर गरजने लगा। जिसकी गरजना से वनभूमि पर रखी हुई ईंटो को कुछ समय में ही जमींदोज कर दिया गया। उक्त कार्यवाही में वन भूमि में अतिक्रमण करने वाले आरोपियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई। जिनके द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण कर ईंट निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेकिन अब मौके पर सब जमीदोज कर दिया गया।

## विभाग में मुस्तैद सिंह नाम से मशहूर रेंजर शिशुपाल से वनमफिया हलाकान

वन विभाग में जिलेभर में मौजूद अधिकारियों में एक मात्र सक्रिय अधिकारी रेंजर शिशुपाल अहिरवार दिन रात मुस्तैद होकर लगातार कार्यवाही करते हुए वन सुरक्षा का कार्य कर रहे है। जिसके चलते वन परिक्षेत्र जतारा के कर्मचारी और रेंजर आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। इसी दरमियान एक बार पुनः वन भूमि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार का बुल्डोजर जंगल में गजरने पहुंचा। और वनभूमि अतिक्रमणकारियों के मंसूबो के साथ साथ निर्माण संबंधी साजोसामान को जमीदोज कर दिया गया। इस कार्यवाही के चलते वनभूमि अतिक्रमणकारियों में जतारा वनपरिक्षेत्र विभाग का खौफ और गहरा गया है।

## सतगुवां वीट के जंगल में अतिक्रमण की मिली थी सूचना

जतारा वन परिक्षेत्र विभाग के वन कर्मचारियों ने बताया कि 5 फ़रवरी को वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार को जानकारी प्राप्त हुई कि शाहपुर गांव के जंगल अंतर्गत बीट सतगुवां के पुराने कक्ष क्रमांक पी 247 बी एवं नए कक्ष क्रमांक पी 578 की वन भूमि पर वर्षों पुराना अतिक्रमण व्याप्त है। जिस पर अब खेती करने के साथ साथ घर मकान बनाने के प्रयोजन को लेकर अवैध रूप से ईंट निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी मिलने पर रेंजर शिशुपाल द्वारा पहले उक्त सूचना की सत्यता की जांच की गई। ज़ब उक्त जानकारी सही पाई गई तब उक्त अतिक्रमण के बिरुद्ध बेदखली की कार्यवाही के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार द्वारा अगले दिन 6 फ़रवरी को वन परिक्षेत्र जतारा के संपूर्ण वन अमले को जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर भेजा गया।

## 40 से 50 संगठित लोग कर रहे थे 50 हजार से अधिक ईंट निर्माण कार्य

मौके पर जेसीबी के साथ पहुंचे जतारा वन परिक्षेत्र टीम ने पाया कि शाहपुर गांव के जंगल में बीट सतगुआं के पुराने कक्ष क्रमांक पी 247 बी एवं नए कक्ष क्रमांक पी 578 में बछोड़ा गांव के कुछ लोग मौजूद हैं जो संगठित होकर विगत दो दिन से बाहर से बुलाये गये 40 से 50 मजदूरों द्वारा ईंट निर्माण कार्य करा रहे हैं। इन लोगों द्वारा 50 हजार से अधिक कच्ची ईंट मौके पर बना भी ली गई थी जिन्हे वनभूमि पर एक तरफ रखा गया था। इन ईंटो का उपयोग वनभूमि पर ही पक्का निर्माण कार्य कर ठोस अतिक्रमण करने की मंशा भी वन बिभाग टीम ने भांप ली गई थी। ज़ब अतिक्रमणकारियों ने अमले को जेसीबी के साथ आते देखा तो वह फरार हो गए।

## जेसीबी ने मुक्त की 10 से 12 हेक्टेयर वनभूमि

मौके पर पहुंचे वन अमले ने वनभूमि पर व्याप्त अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से रोंदना शुरू किया। जेसीबी मशीन की मदद से उक्त अतिक्रमण को जमीदोज कर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही के दौरान लगभग 10 से 12 हेक्टेयर वनभूमि क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर सुरक्षित कराया गया। इसके अलावा अतिक्रमणकारियों के बिरुद्ध वन अपराध की धारा के तहत नामजद प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए वन बिभाग द्वारा अब अग्रिम विवेचना की जा रही है। उक्त अतिक्रमणरोधी कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई। जिसमे वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण वन अमला शामिल रहा।

### हंगामा होने के बाद एसडीएम की मौजूदगी में हुई कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट की बैठक

# वॉकआउट करने वाले अध्यक्ष और सचिव लौटे एसडीएम व तहसीलदार की मौजूदगी में वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



प्रसिद्ध धार्मिक स्थली कुंडेश्वर शिवधाम के ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक बहुत प्रयासों के बाद शुक्रवार को आयोजित हुई लेकिन बैठक शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गई। आरोप प्रत्यारोप के दौर शुरू होते ही ट्रस्ट के अध्यक्ष व सचिव बैठक से वॉकआऊट करके बाहर चले गये। तब एसडीएम व तहसीलदार ज़ब बैठक में पहुंचे तब ट्रस्ट के अध्यक्ष व सचिव बैठक में शामिल हुए।

क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक की शुरुआत में ही विवाद हो गया, जिसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव बैठक छोड़कर बाहर चले गए। बाद में एसडीएम और तहसीलदार के पहुंचने पर वे वापस लौटे और महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में ही ट्रस्ट के सदस्यगणो ने किसी अन्य वरिष्ठ सदस्य से अध्यक्षता कराने की मांग कर दी। वहीं, सचिव राजेंद्र मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर दीक्षित ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर की अध्यक्षता में बैठक कराने पर जोर दे रहे थे। इस बात को लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। तब सदस्यों के विरोध के चलते ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर और सचिव राजेंद्र मिश्रा बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। इस दौरान हॉल में मौजूद सदस्य और अन्य लोग बैठक शुरू करने पर चर्चा कर रहे थे, तभी एसडीएम संस्कृति लिटोरिया और तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों के पहुंचते ही ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक और सचिव राजेंद्र मिश्रा वापस बैठक हॉल में पहुंच गए।

एसडीएम लिटोरिया ने सभी को समझाते हुए कहा कि पुराने आपसी मतभेद भुलाकर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चर्चा शुरू की जाए। इस पर ट्रस्ट के सदस्यों ने शिकायत करते हुए कहा कि पिछले छह महीने से ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। ट्रस्ट सदस्यों को मंदिर में हो रहे कार्यों और आय-व्यय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। तब एसडीएम लिटोरिया ने नसीहत देते हुए जवाब दिया कि ट्रस्ट किसी व्यक्ति विशेष के अधिकार क्षेत्र से नहीं चलता। लोगों ने तीन साल के लिए कार्यकारिणी का चुनाव किया है और सभी को आपसी सामंजस्य बनाकर काम करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करेगा, तो ट्रस्ट का पंजीयक होने के नाते सभी को नोटिस जारी किया जाएगा। एसडीएम लिटोरिया ने पुराने सभी आरोप-प्रत्यारोप सुलझाते हुए नए सिरे से महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए। इसके बाद महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर बिंदुवार चर्चा शुरू की गई। बैठक में ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर दीक्षित ने सुझाव दिया कि महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक मंदिर का गर्भगृह भक्तों के लिए पूरी तरह बंद रखा जाए।

## लाठी डंडों व चाकू से हमला करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह विगत 5-6 माह से दिल्ली व चण्डीगढ़ में रह रही थी। उक्त समय उसका पति जेल में था। बताया कि जेल से छूटने के बाद उसके पति ने उसे फोन करके बुलाया था। वह 10 दिन पहले ललितपुर पहुंची थी। आरोप है कि 4 फरवरी को अपराह्न करीब 3 बजे पति ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। विरोध करने पर पति ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व चाकू से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आयीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने शिकायत करने जान से मारने की धमकी देते हुये विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर उसे फंसा देने की भी धमकी दी। महिला ने बताया कि उसका पति काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और पूर्व से उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## ई-रिक्शा ने बाइक सवार वकील को टक्कर मारी

**ललितपुर।** ग्राम सीरोंन खुर्द व हाल पिसनारी में रहने वाले अधिवक्ता कैलाश नारायण पुत्र स्व.दलीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 जनवरी को सुबह करीब 11.50 बजे वह क्लेम पिटीशन ट्रिब्यूनल कोर्ट (एम.ए.सी.टी.) पुरानी तहसील जा रहा था। वह जैसे ही जजी गेट के सड़क पार कर रिमझिम होटल के रास्ते पर पहुंचने ही वाला था कि तभी वर्णी कॉलेज चौराहा की ओर से आ रहे ई-रिक्शा नम्बर यू.पी.94 ए.टी. 2407 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ई-रिक्शा से बाइक में टक्कर मार दी।

# सामाजिक बैठक कर गो हत्या के आरोपों को बताया निराधार

### कुछ दिन पूर्व वायरल वीडियो पर मचे हंगामे को लेकर ग्राम परा में हुई संयुक्त बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक संवेदनशील वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद बहुत हंगामा मचा और सोशल मीडिया पर दिनभर आरोप प्रत्यारोपों का दौर भी चला। उक्त वायरल वीडियो के आधार पर ग्राम परा निवासी सतेंद्र यादव पर गो हत्या का आरोप लगाया गया था। उक्त वीडियो में एक मृत बछड़े के सर को एक घर की दीवार पर एक खूंटे से टंगा हुआ दिखाया गया था। जिसके बाद कुछ गोसेवक संगठनों ने चक्काज़ाम कर दोषी पर कार्यवाही की मांग भी की थी। इसी वायरल वीडियो को लेकर ग्राम परा में कारस देव मंदिर परिसर में आसपास के लगभग 20 गांवों के समाज के पंचों एवं गणमान्य लोगों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वायरल वीडियो की गहनता से जांच और चर्चा की गई। जांच के उपरांत समस्त पंचों ने सर्वसम्मति से यह निष्कर्ष निकाला कि वीडियो में दिखाई गई क्रिया गो हत्या से संबंधित नहीं है। यह एक पुरानी परंपरा है, जिसे स्थानीय भाषा में कनछोई कहा जाता है, जिसमें गाय के मृत हुए बछड़े की डमी का उपयोग कर दुग्ध उत्पादन किया जाता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य गाय को दुग्ध उत्पादन में सहायता देना तथा उसे किसी प्रकार के संक्रमण या बीमारी से बचाना होता है। समस्त पंचों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने यह स्पष्ट किया कि इस परंपरा को गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया, जिससे अनावश्यक भ्रम और आरोप की स्थिति बनी। बैठक में उपस्थित लोगों ने सतेंद्र यादव को निर्दोष मानते हुए उन्हें पूर्ण रूप से दोषमुक्त घोषित कर दिया। साथ ही समाज के पंचों ने यह भी निर्णय लिया कि समय और सामाजिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुरानी प्रथाओं को बंद किया जाना चाहिए, ताकि किसी प्रकार का भ्रम या सामाजिक विवाद उत्पन्न न हो। उक्त बैठक में वृंदावन यादव रसोई पूर्व सरपंच, ओमप्रकाश यादव मुखिया, फूलचंद्र यादव अंतौरा, बलराम यादव जनपद सदस्य, रविशंकर यादव भदौरा, जगत यादव भदौरा, ध्यानी सरपंच अमरपुर केसरदास, लखन यादव नंदू यादव मोखरा, बंदू जमींदार, घनश्याम यादव गोपालपुरा, महेश यादव सरपंच मोहनपुरा , देवीचरण यादव स्याग़, मनमोहन यादव, गोरेलाल यादव लखौरा, अच्छेलाल यादव बम्होरी, कमलेश माते पठा, संजय यादव शीलू, श्याम यादव बौरी, छोटू जमींदार सरपंच नयाखेरा, मुकेश यादव टीकमगढ़, राजेश यादव, शैलेंद्र यादव देवरहा, गौगुरु सत्यप्रकाश यादव सहित समस्त परा ग्रामवासी उपस्थित रहे। बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### एसपी मंडलोई के अभियानों व कार्यप्रणाली से अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरा जिला

# शेष 5 थानों के साथ अब जिले के सभी थाने हुए आईएसओ प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में संचालित विभिन्न जनहित व विभाग हित अभियानों व कुशल नेतृत्व के परिणाम स्वरुप जिले के पुलिस विभाग को दो महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई हैं। जिसमें एक उपलब्धि के रूप में गुणवत्ता, अनुशासन और संवेदनशीलता के मानको पर खरा उतरने के प्रमाण के रूप में जिले के शेष 5 थानों को भी आईएसओ प्रमाणित करते हुए प्रमाणपत्र सौंप दिया गया है। डीआईजी विजय खत्री एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरते हुए जिले के सभी थाने अब आईएसओ प्रमाणित हो चुके है। इसके साथ ही दूसरी उपलब्धि के रूप में डीआईजी खत्री के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मंडलोई के नेतृत्व में समयबद्ध जनसेवा कार्य करते हुए 100 प्रतिशत पासपोर्ट सत्यापन करने बाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया।

डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री के निर्देशन में एवं एसपी मंडलोई के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा गुणवत्ता आधारित एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में जिले के थाना बड़ागांव, बुढ़ेरा, मोहनगढ़, चंदेरा एवं बम्होरीकलां के थाना प्रभारियों को उनकी उत्कृष्ट व मानकबद्ध कार्यप्रणाली के लिए आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त करना यह दर्शाता है कि संबंधित थानों द्वारा अपने पुलिसिंग कार्य निष्पादन में अनुशासन, पारदर्शिता, समयबद्धता तथा आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के साथ उच्च गुणवत्ता पूर्ण मानकों का पालन किया जा रहा है। अपराध नियंत्रण, शिकायतों के शीघ्र निराकरण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं सेवा प्रदाय में निरंतर सुधार के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उल्लेखनीय है कि एसपी के निर्देशन में पुलिस विभाग की इस उपलब्धि के साथ ही जिले के सभी 14 पुलिस थाने आईएसओ प्रमाणित हो चुके हैं, जो जिला पुलिस के लिए गर्व का विषय है। इसी कार्यक्रम के दौरान पासपोर्ट कार्य की वार्षिक समीक्षा के अंतर्गत जिले में निर्धारित समय सीमा में पासपोर्ट सत्यापन कार्य का 100 प्रतिशत निराकरण करने में सफलता प्राप्त की गई है। उक्त उल्लेखित सफलता प्राप्त किये जाने पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल में एडीजी द्वारा प्रदत्त सम्मान का उल्लेख करते हुए, डीआईजी खत्री एवं एसपी मंडलोई द्वारा पासपोर्ट कार्य में लगी जिला पुलिस टीम की सराहना की एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर टीम को सम्मानित किया।

### एसपी मंडलोई की सराहनीय की

# प्रदूषण जैसी चुनौतियों से बचने में पौधरोपण ही आशा की किरण: आईजी

**टीकमगढ़।** एसपी मनोहर सिंह मंडलोई की पर्यावरणीय सोच व वृक्षारोपण संरक्षण संकल्प का स्वरूप एक ऐसी मां की बगिया के रूप में देखकर आईजी डॉ. हिमानी खन्ना व डीआईजी विजय खत्री प्रशन्न हुए, जिसको जीवित रखने के लिए वेस्टेज पानी का उपयोग किया गया, जिससे जल संरक्षण भी हो रहा। और बाड़बंदी करके बृक्षारोपण को सुरक्षा भी किया गया। यह नजारा देख आईजी व डीआईजी ने एसपी मंडलोई की सराहनीय करते हुए कहा कि एसपी मंडलोई द्वारा अपने निर्देशन में 10 हजार से अधिक वृक्षों का सुरक्षित संवर्धन करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की गई है।



पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी संवेदनशीलता, प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री द्वारा एसपी मंडलोई के साथ पुलिस लाइन परिसर स्थित माँ की बगिया में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक डॉ. खन्ना ने वृक्षारोपण के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन, संवेदना और संतुलन का प्रतीक हैं। आज जब मानव जीवन जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और बढ़ते तापमान जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे समय में वृक्षारोपण एक आशा की किरण है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जब ईमानदारी और निरंतरता के साथ किए जाते हैं, तो वे बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। आईजी डॉ. खन्ना ने पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में संचालित माँ की बगिया को एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी पहल बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस तथ्य की भी सराहना की, कि 47 डिग्री जैसे भीषण तापमान के दौरान भी पेड़ पौधों का संरक्षण पूरी संवेदनशीलता के साथ किया गया।

### नपा सीएमओ ने किया सुलभ शौचालयों का निरीक्षण

# सुलभ शौचालय बंद पाए जाने पर सीएमओ ने लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर परिषद पलेरा की सीएमओ शिवी उपाध्याय द्वारा नगर के सुलभ शौचालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना तिराहा स्थित सुलभ काम्प्लेक्स बंद पाया गया। वहां के आसपास के लोगों एवं दुकानदारों से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि सुलभ काम्प्लेक्स लगातार बंद रहता है।

## ठेकेदार को निकाय ने नोटिस भी किए थे जारी

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उक्त सुलभ काम्प्लेक्स का ठेका शर्मा फाउण्डेशन द्वारा लिया गया है। पूर्व में भी ठेकेदार द्वारा इसी प्रकार की लापरवाही वरती गयी थी जिसके संबंध में उक्त ठेकेदार को निकाय द्वारा नोटिस भी जारी किये गये थे परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा निरंतर लापरवाही वरती जा रही है। जिस




कारण मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 5 हजार रूपये का जुर्माना संबंधित ठेकेदार पर लगाया गया एवं भविष्य में पुनरावृत्ति करने पर फर्म को ब्लैक लिस्टिड करने के लिए चेतावनी दी।

### बड़ागांव धसान महोत्सव तृतीय वर्ष, प्रतियोगिता के छटवां दिन हुए दो मैच

# शाहगढ़ ने बड़ागांव व पृथ्वीपुर ने शाहगढ़ को दी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर में स्थानीय वार्ड नंबर 1 मिथिला खेरा स्टेडियम में 6 फरवरी को बड़ागांव महोत्सव के छठवें दिन की शुरुआत क्रिकेट टूर्नामेंट से की गई। जिसमें शाहगढ और बड़ागांव धसान टीम के मध्य खेले गये मैच में शाहगढ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ागांव धसान टीम को हरा दिया। बही दूसरे मैच में पृथ्वीपुर ने शाहगढ को मात देकर अपनी जगह सेमी फाइनल में बनाने में सफलता हासिल कर ली। उक्त महोत्सव के 6वें दिन मुख्य अतिथी के रूप में पीएस मुर्मू एसबीआई बड़ागांव एबं अरविंद सिंह लोधी ने क्रिकेट ग्राउंड पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश गुप्ता उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के 6वें दिन शुक्रवार को दो मैच खेले गए।





टूर्नामेंट के 6वें दिन पहला मैच शाहगढ़ एबं बड़ागांव धसान टीम के मध्य खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ागांव धसान टीम ने कुल 125 रन बनाये। जिसका पीछा करने मैदान में उतरी शाहगढ़ टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 11ओवर में ही 126 रन बनाकर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह शाहगढ ने बड़ागांव धसान को हराकर मैच में जीत हासिल की। टूर्नामेंट का दूसरा मैच पृथ्वीपुर एबं शाहगढ़ टीम के मध्य खेला गया। जिसमें शाहगढ़ टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। और मैच जीतने के रूप में 98 रनों का लक्ष्य पृथ्वीपुर टीम को दिया। जिसके जबाब में मैदान में उतरी पृथ्वीपुर की टीम ने 99 रन बनाकर शाहगढ को हराकर मात दे दी। इस तरह पृथ्वीपुर की टीम ने शानदार जीत तो दर्ज की ही, लेकिन साथ ही साथ सेमीफ़ाइनल में भी अपनी जगह बना ली। मैच आयोजको ने बताया कि अब कल शनिवार के दिन होने बाले दो मैचों में से पहला माच दमोह एबं पृथ्वीपुर की टीम के मध्य खेला जाना है। और दूसरा मैच अमित इलेविन एबं मड़ावरा टीम के मध्य खेला जाएगा। इन मैचो में जो भी टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करेगी। वहीं टीम फ़ाइनल में अपनी जगह बनाएंगी। आयोजन कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया है कि यह टूर्नामेंट 30 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित किया जाना है। उक्त महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्कूली बच्चो को लेकर कई प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया जा रहा। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अज़ीज़ खान, गगन फणींद्र, फतेह विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, सनी पठान राघवेन्द्र सिंह, लल्लू पठान, रोहित पांडे, देविंद्र चोरयाल, स्वदेश तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, संजय गुप्ता, रवि पांडे, सोमाराम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, रितिक राजा , गोकुल विश्वकर्मा, अंकुश शुक्ला, आकाश, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय, सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण के कारण बाजार में घंटों लगा रहता है जाम

# जुलानिया के बाद सिर्फ दो कलेक्टर में दिखा यातायात सुधार का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण लोगों को बाजारों में आए दिन जाम की स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा है। यह स्थिति नगरपालिका परिषदों द्वारा ली गई जनहितेषी नीतियों के बजाए व्यवसायिक विकास की नीति के चलते अधिक निर्मित हुई है। ऐसा भी नहीं कि उस बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने की दशा में कोई कोशिश ही न की गई हो, इस लचर यातायात व्यवस्था को सुधारने को लेकर कुछ कलेक्टर ने समय समय पर कड़े कदम भी उठाए जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं पर एक दो को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर कलेक्टर जिले में ऐसे ही पदस्थ रहे जिनका ध्यान इस बिगड़ी व्यवस्था की ओर गया ही नहीं। अगर ये कहा जाए कि श्योपुर के जिला बनने से पहले आरएस जुलानिया (श्योपुर मुरैना कलेक्टर) के बाद जीबी पाटील ही ऐसे कलेक्टर रहे जिनके साहसिक प्रयास से शहर की बदहाल हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुधारने में सफल रहे, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी और राकेश श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई आंतरिक बाईपास योजना भी सराहनीय कदम रहा लेकिन नगरपालिका परिषद उनके प्लान को राशि मिलने के बाद भी आगे नहीं बढ़ा सकी।

शायद जिला मुख्यालय श्योपुर प्रदेश का इकलौता ऐसा शहर होगा जहा बाजारों में पार्किंग की सुविधा नहीं है। लोग इधर-उधर कहीं भी अपने वाहनों को पार्क कर यातायात प्रभावित करते रहते हैं। हालांकि बेतरतीब तरीके से इधर-उधर वाहनों को पार्क कर देने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा गाहेबगाहे संबंधित वाहनों के मालिकों पर चालानी कार्रवाई कर औपचारिकता निभाई जाती रही है लेकिन अफसर भी इस बात को समझते हैं कि जब शहर में ही कहीं पार्किंग ही नहीं है तो फिर लोग इधर-उधर वाहन खड़े करेंगे। यही सोचकर शायद चलानी कार्रवाई में औपचारिकता बरती जा रही है। पार्किंग अभाव के साथ-साथ यातायात बाधित करने वाली मुख्य समस्या समस्या में वन व्यवस्था का नहीं होना भी है। संकीर्ण यातायात से निजात दिलाने के प्रयास कई कलेक्टरों ने किए लेकिन अधिकतर के प्रयास महज जिला स्तरीय यातायात समिति को की बैठक लेने तक सीमित रहे लेकिन एक दो ने अच्छे ओर परिणाम लाने वाले प्रयास भी किए पर अधिकतर के प्रयास जिला स्तरीय यातायात समिति की बैठक लेने तक सीमित रहे हालांकि यह बैठक मामूली भी नहीं थी क्योंकि बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसपी, नपाध्यक्ष सहित सभी विभागों के अधिकारियों और सभी व्यवसायिक संगठन शामिल होते है। समिति द्वारा किए गए निर्णयों के तहत नगरपालिका को दूसरे विभाग सहयोग करते हैं। कृष्णा गुप्ता की अध्यक्षता बाली परिषद से लेकर आज तक कई बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर अमल नगरपालिका परिषद को करना होता है पर अधिक खास अमल हुआ ही नहीं।

### जाम लगने पर याद आते हैं ज्ञानेश्वर बी पाटील

मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय कलेक्टर ज्ञानेश्वर बी पाटील के नेतृत्व में शहर का चौड़ीकरण किया गया था। तब मेन बाजार नगर पालिका तो सुबात चौराहा, टोडी गणेश मंदिर, मालियों का मंदिर एवं पुल दरवाजा तक यातायात को सुगम बनाने दोनों और से करीब पांच पांच फीट पक्का अतिक्रमण हटाकर बजार का चौड़ीकरण किया था तब उनके इस अभियान का व्यवसायिक संगठनों ओर राजनीतिक दलों ने खूब विरोध किया लेकिन तब जो लोग विरोध कर रहे थे वो ही आज बाजार के भीतर जाम में फंस जाने के समय उनकी कवायद का सपोर्ट तब यह कहते हुए करते दिख जाते हैं कि तब अतिक्रमण नहीं हटाया गया होता तो आज क्या हालात होते।

### राकेश श्रीवास्तव के प्रयास को आगे नहीं बढ़ा सकी परिषद

कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने शहर के बदहाल हो चुकी ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दूरगामी योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने सलापुरा नहर वार्ड नंबर 10 से बस्ती के भीतर होते हुए बड़ौदा रोड कबीर आश्रम पर नया बाईपास निकालने, ट्रैफिक थाने के पास से ईदगाह रोड बगवाज पुलिया से किला गेट, भैंस पाड़ा, भोई मोहल्ला हो हुए पुल दरवाजा तक बाईपास निकलने को योजना बनाई थी इसके लिए टेंडर भी ही गए थे और मुख्यमंत्री अधोसंरचना से एक करोड़ रुपए भी मिल गए थे लेकिन कलेक्टर श्रीवास्तव का ट्रांसफर होने ओर बाद में रेनू राठौर की परिषद द्वारा उस एक करोड़ रुपए को अनुपयोगी जगह पर खर्च कर देने से योजना मूर्तरूप नहीं ले सकी।

### इनका कहना है

जिन दुकानदारों ने अपनी दुकान के बाहर सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है उनके खिलाफ़सीएमओ ने सामान जप्त करने व चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं एक दो दिन में अभियान चलाकर शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

**अरविंद पाराशर**
**हेल्थ ऑफिसर नपा**

## दो साल पुराने मामले में श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

# नाबालिग से रेप करने वाले दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा,10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




एक नाबालिग बालिका को अगवा करने के बाद उसके साथ बलात्कार करने संबंधी मामले में श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट बबीता होरा शर्मा की अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी। साथही 10 हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित किया गया है। करीब दो साल पुराना यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रतिभा उमरैया के द्वारा की गई।

मामले के अनुसार यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र में 18 अप्रैल 2024 को शाम के वक्त तब सामने आया,जब आरोनी विक्रम सिंह पुत्र राम सिंह गुर्जर एक नाबालिग बालिका को उस समय घर से अगवा करके बाइक के जरिए राजस्थान के इटावा ले गया, जब बालिका के परिवार के लोग घर से बाहर गए थे। आरोपी युवक ने पीडित नाबालिग बालिका को अगवा करने के बाद राजस्थान के इटावा में एक बंद कमरे में रखा और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। पुलिस ने नाबालिग बालिका को ढूंढकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया और उसकी रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी विक्रम सिंह पुत्र रामसिंह गुर्जर निवासी दयालपुरा पांडोला को लैगिंग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम की धारा तथा अपहरण की धारा में दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुना दी।

## 9 को होगा जिला अभिभाषक संघ का निर्वाचन

# तुलसीराम सुमन के मैदान में आने से त्रिकोणीय हुआ मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला अभिभाषक संघ का चुनाव 9 फरवरी को कराया जाएगा। इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी एड ओपी खन्ना ने मतदान को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है जिसका पालन सभी अभिभाषकों को सख्ती से करना होगा। अध्यक्ष पद के लिए एड तुलसीराम सुमन द्वारा नामांकन दाखिल कर देने के बाद चुनाव त्रिकोणीय ओर रोचक हो गया है।

निर्धारित समय सीमा में नामांकन दाखिल करने ओर नाम वापसी समय गुजरने के बाद अब मैदान रहे प्रत्याशियों के नाम स्पष्ट हो गए हैं। जो प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं उनमें अध्यक्ष पद के लिए एड ओमप्रकाश गुप्ता, एड तुलसीराम सुमन एवं एड राकेश कुमार शर्मा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए एड धर्मसिंह मीणा, एड राकेश सिंह जाट, सचिव पद के लिए एड अशोक कुमार पाराशर, एड शरद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पद के लिए एड दीपक कुमार गोयल, एड रामस्वरूप गुप्ता सहसचिव पद के लिए एड राघुराज यादव, एड मानसिंह राजपूत एड गजेन्द्र सिंह भदौरिया के नाम शामिल हैं।

### चुनाव के लिए गाइड लाइन जारी

निर्वाचन कार्यालय द्वारा नियुक्त संघ के सदस्य 1. देवेन्द्र वेश्य 2.मधूसूदन जाट 3. बलराम प्रजापति ही उपस्थित रहेंगे। अन्य किसी भी अधिवक्ता या बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित हैं। मोबाईल मतदान कक्ष में प्रतिबंधित रहेगा। यदि मतदाता मतदान कक्ष में मोबाईल का प्रयोग करता पाया गया, तो ऐसी स्थिति में उसके मतपत्र को अमान्य किया जावेगा। मतदान कक्ष में एक बार में केबल दो मतदाता ही उपस्थित रह सकेगें तथा अपनी बारी आने पर मतदान करेंगे। मतदान करते समय का कोई फोटो (छायाचित्र लेने पर पूर्णतः प्रतिबंध हैं।)

# ननावद में टेंट की दुकान में भड़की आग डेढ लाख रुपए के नुकसान का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



देहात थाना क्षेत्र के गांव ननावद में लगी एक टेंट की दुकान में बीती रात को आग लग गई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है,लेकिन संभावना जताई जा रही है कि यह आग दुकान के अंदर बिजली के शार्टसर्किट होने के चलते लगी है। इस आगजनी के दौरान दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच के दौरान आग से करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है। पुलिस ने आगजनी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम ननावद निवासी सत्यनारायण पुत्र सूरजमल राठौर की गांव के बस स्टैंड पर टेंट की दुकान मौजूद है। वे रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। रात्रि के दौरान दुकान में आग लगी, जिसकी जानकारी सुबह उस समय हुई जब आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल दुकानदार को सूचना दी और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने पानी और अन्य उपलब्ध साधनों के जरिए आग को बुझाया, लेकिन आग ने बुझने से पहले से दुकान में रखी लगभग 250 प्लास्टिक कुर्सियां, रजाई-गद्दे और अन्य टेंट का सामान पूरी तरह जलाकर स्वाहा कर दिया। आग से दुकान का ढांचा भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि आगजनी का प्रकरण दर्ज कर आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन और आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

### इधर घर में लगी आग से हजारों का नुकसान

गसवानी थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुरा निवासी रामसिंह धाकड के घर में दूसरी मंजिल पर बने कमरे में गुरूवार की दोपहर को अचानक आग लग गई। घर के लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही आग ने विकराल होकर कमरे के अंदर रखे सामान के जलाकर स्वाहा कर दिया। परिवार के लोगो ने आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाया। बिजली के शार्टसर्किट के कारण लगी इस आग से करीब 50 हजार रूपए के नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस ने आगजनी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# निर्वाचन कार्य में संलग्न लोक सेवकों को ई-अटेंडेंस से मिली छूट

श्योपुर। निर्वाचन कार्य में संलग्न लोक सेवको को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई-अटेंडेन्स से छूट प्रदान किये जाने के निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त कार्य हेतु बी.एल.ओ./सहायक बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर उक्त कार्य किया जा रहा है एवं बी.एल.ओ. सुपरवाईजर द्वारा फील्ड में उपस्थित रहकर उक्त कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय/ समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों एवं अन्य विभागों से निर्वाचन के कार्य करने हेतु आदेशित किये गये लोकसेवकों द्वारा भी उक्त कार्य संपादित किया जा रहा है। चूंकि बी.एल.ओ./सहायक बी.एल.ओ./बी.एल.ओ. सुपरवाईजर/ कार्यालयों संबद्ध लोकसेवकों में से अधिकांश लोकसेवक शिक्षा विभाग से संबंधित है और उक्त कार्य फील्ड में अथवा निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर संपादित किया जाना है, ऐसी स्थिति में लोकसेवकों द्वारा अपने उक्त कार्य के साथ-साथ मूल संस्था में उपस्थित होकर शिक्षक एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस लगाना संभव नहीं है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यवाही में नियुक्त समस्त लोकसेवकों को शिक्षक एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस से छूट प्रदान करते हुए उनका नियमित वेतन भुगतान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

### विद्यालयों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

श्योपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान भी किया। श्योपुर जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलो में कार्यक्रम आयोजित कर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सांदीपनि विद्यालयों सहित हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलो में कार्यक्रम आयोजित हुए। परीक्षा पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि सपनों को देखना जरूरी है परंतु उसे पूरा करने के लिये कर्म भी करना होगा। महापुरुषों की जीवनी पढ़नी होंगीं ताकि पता चल सके कि कितनी मेहनत से आगे बढ़ा जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि अपने देश में निर्मित वस्तुओं का गौरव करना होगा तभी सम्पूर्ण विश्व गौरव करेगा।

# बुलेट बाइक के साइलेंसर से निकाल रहे थे बंदूक की गोली जैसी आवाज,ट्रैफिक पुलिस ने ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ट्रैफिक थाना पुलिस ने इन दिनों शहर में बुलेट बाइकों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान भी शुरू कर दिया है। इस अभियान के दौरान कार्रवाई उन बुलेट वाहनों पर की जा रही है जिनके मालिकों ने साइलेंसरों को मैकेनिक से मोडिफाई करा लिया और बाजार में न्यूसेंस पैदा करने के लिए साइलेंसर से बंदूक की गोली जैसी आवाज निकालते हैं। दूर से सुनने वालों को लगता है कि कहीं बंदूक से फायरिंग की जा रही है।

बुलेट सवार युवकों की इन हरकतों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के आदेश का पालन करते हुए ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने शुक्रवार को शहर में न्यूसेंस पैदा कर रहीं 06 बुलेट बाइकों को वाहन चैकिंग के दौरान पकड़कर जब्त कर लिया। इसके बाद उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए उनसे 06 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। साथही उनके बुलट वाहनों में लगे साइलेंसरो को भी निकलवाया गया। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने शहर के बाइक मैकेनिकों को चेतावनी दी है कि यदि वह साइलेंसर मोडिफाई करने का सामान बेचते व रखते पकड़े गए तो उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

किसी मैकेनिक के वर्कशॉप पर बुलेट का साइलेंसर मोडिफाई करते पाया गया तो मैकेनिक को गिरफ्तार किया जाएगा। बुलेट की सवारी करने वाले लोग कंपनी द्वारा दी गई सुविधाओं में छेड़छाड़ कराएंगे तो उनसे प्रति चेकिंग 1000 रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा। यातायात पुलिस की सभी बुलेट चालकों से अपने वाहन में कंपनी द्वारा लगाया हुआ साइलेंसर ही इस्तेमाल करने और मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में पटाखे फोड़ कर ध्वनि प्रदूषण न करने की समझाइस दी है।

# प्रशासन के लिए परेशानी बन गई किसानों को मिली सौगात

**35 गांव नहर निकासी योजना में पर किसानों ने फिर लगाए अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। किसानों के लिए सौगात मानी जाने वाली इस परियोजना को लेकर किसानों की नाराज़गी से सरकार को भी लाभ मिलने के बजाए उल्टा नुक़सान हो रहा है। किसानों की इस नाराजगी को दूर करने के उद्देश्य से प्रशासन परियोजना से जुड़े अफसरों की समय समय पर बैठक आयोजित कराता रहता है लेकिन बैठक में बात बनने के बजाए ओर अधिक उलझ जाती है। इसकी बानगी शुक्रवार को तब देखने को मिली जब कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर किसानों ओर परियोजना से जुड़े अधिकारियों की बैठक में किसानों ने अफसरों को आड़े हाथों लेते हुए परियोजना को ही फैल बता डाला।

बैठक वाद विवाद के बाद अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को कहना पड़ा कि क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा पानी छोडने के दौरान आई समस्याओं लिकेज आदि की निराकरण किया जायें तथा किसान पानी छोडने के लिए अपनी डिमांड कन्ट्रोलरूम पर दर्ज करायें। इसके लिए प्रत्येक गांव में प्रतिनिधि भी बनाये जा सकते है, जो किसानों की डिमांड दर्ज कराने के साथ ही पानी पहुंचने की तस्दीक भी करेंगे। अगर पानी खेतों तक नहीं पहुंचा तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### परियोजना पूरी तरह फेल:रामलखन

इस परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समय समय पर आवाज उठाने वाले किसान नेता रामलखन हरनीखेडा ने कहा कि इस परियोजना पूरी तरह फेल हो चुकी है अधिकारियों ने इसमें भारी भ्रष्टाचार किया है प्रशासन बैठक के नाम पर हर बार तारीख पर तारीख दे रहा है एक माह पहले भी हुई बैठक में निर्णय लिया था कि 10 गांव में पानी छोड़कर टेस्टिंग की जाएगी लेकिन नहीं की गई अब आज फिर बैठक बुलाकर कंपनी को क्लीन चिट देने का प्रयास किया गया। किसानों ने साफ कहा कि अगर 10 खेतों में भी अपनी एजेंसी पानी सप्लाई कर दे तो हम योजना को सक्सेसफुल मान लेंगे नहीं तो अफसरों पर भ्रष्टाचार के मामले में लिप्त होने पर एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### 10 दिन बाद फिर होगी बैठक

बैठक में तय किया गया है कि आगामी 10 दिन तक खेतो में पानी पहुंचाए जाने के काम का किसानों के प्रतिनिधी कंपनी के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का आंकलन करेंगे इसके उपरांत 10 दिवस बाद फिर से किसानों के साथ प्रशासन की बैठक रखी जायेगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण तथा किसान उपस्थित थे।

## चंबल नदी में 435 किमी का सफर तय करते हुए टीम करेगी जलीय जीवों की गणना

# जलीय जीव व पक्षियों की गणना के लिए चंबल नदी में उतरा सर्वेक्षण दल, शुरू हुई गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

चंबल नदी में पल रहे घडियालों का कुनबा इस साल घटा है या बढ़ा। मगरमच्छ सहित अन्य जलीय जीवों की संख्या में कितनी बढोत्तरी हुई है। प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की संख्या में भी कोई बढोत्तरी हुई है या नहीं, अब इसका पता जल्द चल जाएगा। कारण यह है कि चंबल नदी में जलीय जीवों की गणना शुरू हो गई है। इसकी शुरूआत गुरूवार को चंबल नदी के पाली घाट से हुई है। गणना करने के लिए चंबल नदी में उतरे सर्वेक्षण दल को मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर वृत्त और वनमंडलाधिकारी, मुरैना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जलीय जीवों की गणना चंबल नदी के चकरनगर घाट तक होगी। यह सर्वेक्षण चंबल नदी क्षेत्र की जैव विविधता के संरक्षण, प्रबंधन एवं वैज्ञानिक आंकड़ों के संकलन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि चंबल अभयारण्य ने पाली घाट से चकरनगर (इटावा) तक बह रही चंबल में जलीय जीवों की गणना का काम 5 फरवरी को पाली घाट से से शुरू किया था। यह सर्वे करीब 13 दिन चलेगा। इस दौरान सर्वे करने के लिए चंबल नदी में उतरी सर्वेक्षण टीम 13 दिनो के दौरान 435 किलोमीटर का सफर तय करते हुए डायरेक्ट साइटिंग प्रणाली से जलीय जीवों और प्रवासी प्रक्षियों की गणना करेगी। इस गणना के दौरान यह पता चल जाएगा कि चंबल नदी में जलीय जीवों की संख्या कितना हो गई है।

### ये रहे सर्वेक्षण दल में शामिल

चंबल नदी में जलीय जीवों का गणना करने के लिए उतरे सर्वेक्षण दल में वन विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ राजस्थान वन विभाग के प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह एवं फील्ड स्टाफ भी शामिल हैं। सर्वेक्षण दल निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल, मगरमच्छ सहित अन्य जलीय जीवों तथा स्थानीय, प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की गणना करेगा। सर्वेक्षण दल को चंबल नदी में हरीझंडी दिखाए जाने के दौरान अधीक्षक, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, श्योपुर संदीप वास्कले, गेम रेंज ऑफिसर, सबलगढ़ दीपक शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### इन घाटों से होकर सर्वेक्षण दल करेगा सर्वे

चंबल अभयारण्य में वर्ष 1984 से हर घड़ियाल व अन्य जलीय जीवों मगर, डॉल्फिन आदि की गणना की जाती है। इसमें सर्वे टीम डायरेक्ट साइटिंग (प्रत्यक्ष दिखना) से टीम के अलग-अलग सदस्य घड़ियाल, मगर, डॉल्फिन की काउंटिंग करते हैं। इसके अलावा अन्य जलीय जीवों का आंकलन भी किया जाता है। सर्वे टीम पाली घाट, रामेश्वर, बरोली, अटार घाट, बटेसुरा, सरसेनी, राजघाट, कुथियाना, उसैद घाट, अटेर, बरही, सहसों और पचनदा तक सर्वे करेगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक ने स्कूटी में टक्कर मारी, किशोर घायल, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम लागौन थाना जखौरा जिला ललितपुर निवासी अमन सिंह पुत्र वीर सिंह चैहान उम्र 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चन्देरी राजघाट रोड़ पर ग्राम कुंवरपुर के समीप अज्ञात चालक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आइ हैं।

### जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुआ के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने मगरदा क्षेत्र की लक्ष्मीनगर कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मुनेश रघुवंशी, अंशल साहू और चैन सिंह साहू को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 850 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही शंकरपुर मगरदा के खाली प्लाट में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए भानू साहू, विशाल लोधी और संजय आदिवासी को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से ताश की गडडी सहित 1050 रूपए बरामद किए हैं।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी कृष्णाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निर्मल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी शिवानी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ौरा निवासी हरवीर पुत्र सुन्दर गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश गिरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुआखाड़ी निवासी प्रताप सिंह बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंगाप्रसाद, परमाल और जुगराज बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार के आवेदन 27 तक आमंत्रित किए

**अशोकनगर।** म.प्र.हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरो को प्रोत्साहित करने हेतु कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु बुनकरो द्वारा स्वंय उत्पादित प्रविष्टियों जिनमें अपनी योग्यता एवं कारीगरी एंव कल्पनाशीलला दिखाई गई हो। जिसमें जिले में उत्पादित चन्देरी वस्त्रो में परम्परागत वस्त्र विशेष डिजाईन वाले वस्त्रो में शामिल किया जाए। पुरुस्कार का चयन रंग समन्वय रंग संयोजन डिजाईन के उत्कृष्टता के आधार पर प्रदेश की सक्षम कमेटी द्वारा किया जायेगा। कबीर बुनकर प्रोत्साहन हेतु प्रथम पुरुस्कार 01 लाख रूपये,द्वितीय पुरुस्कार 50 हजार रूपये, तृतीय पुरुस्कार 25 हजार रूपये है। इस योजना से संबंधित नियम एंव शर्तों जिला हाथकरघा कार्यालय चन्देरी में उपलब्ध है। प्रविष्टियों निर्धारित आवेदन के साथ लूम पर बुनाई करते फोटो सहित जिला हाथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र चन्देरी में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित है।

### अशोकनगर विकासखंड समन्वयक सम्मानित किए गए



**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम 2025 26 में उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह प्रशस्ति पत्र डॉ बकुल लाड कार्यपालक निदेशक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ गोल्ड श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है।

## दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

# अंचल के दीनदुखियों की गंभीर बीमारियों को किया परीक्षण, 97 का शिवपुरी में होगा इलाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

करैरा विधानसभा अंतर्गत दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र पर रीजनल रोटरी क्लब शिवपुरी के तत्वाधान में मध्य प्रदेश शासन आयोजनकर्ता ग्वालियर राजघराने के महाराज लगातार पूर्वजों के समय से आज तक कल्याणकारी भावनाओं को देखते हुए आम जनता को उनके लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सदा महाराज साहब समर्पित रहे है और वर्तमान में इस परंपरा को कायम एवं आगे बढ़ाते हुए श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राजघराने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

दीन दुखियों की मदद करते हुए उन्हीं के मार्गदर्शन में दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर दिनांक 5/2 /2026 दिन गुरुवार को सुबह प्रातः काल 10:00 से 3:00 तक बराबर समिति के सदस्यों द्वारा सभी रोगियों का आधार कार्ड लेकर पंजीयन कर रोगियों का नाम एवं पता रजिस्टर में दर्ज कर योग्य अनुभवी डॉक्टर्स विशेषज्ञों की टीम ने बारी-बारी से एक-एक करके सभी युवा ,वृद्ध, माता ,बहने ,बच्चे सभी के शारीरिक परीक्षण एवं जांच कर दवा उपलब्ध कराई एवं जो रोगी गंभीर लंबी बीमारी से परेशान है उनका पर्चा बनाकर उन्हें शिवपुरी आने के लिए आने के लिए कहा गया। श्रीमंत माधवराव सिंधिया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समिति द्वारा 507 रोगियों का पंजीयन किया गया जिसमें 233 महिलाएं 274 पुरुष शामिल थे जिनका शारीरिक स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया और इन्हीं में से 97 रोगी शिवपुरी के लिए रेफर किए गए इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परीक्षण कर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आकर मरीजों से वार्तालाप कर संबंधित रोग के विषय में जानकारी प्रदान कर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दी गई। दवाए समय पर खाने की सलाह मरीजों को प्रदान की गई थें दिनारा उपस्वास्थ्य केंद्र में पधारे हुए डॉक्टर्स विशेषज्ञों के नाम इस प्रकार है डॉक्टर् एस के पिपल एम डी मेडीसीन, शैलजा साहनी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रिया अग्रवाल मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ, नीता कौशिक शिशु रोग विशेषज्ञ, रवि सक्सेना नेत्र सहायक, कीर्ति गौतम आरबीएस के चिकित्सक, इस निशुल्क शिविर में करेरा बीएमओ नारायण सिंह कुशवाहा उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अखिलेश शर्मा अमित दुबे, अजय तिवारी फार्मासिस्ट, वंदना सक्सेना, श्रीमती नीरज यादव,श्रीमती राजेशवरी लिधोरिया, सभी दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉफ ने मिलकर बाहर से आए हुए डॉक्टर्स विशेषज्ञों एवं सभी दीन दुखियों मरीजों की सेवार्थ भाव से सेव कर दवाई वितरण कराकर उनकी पूर्ण रूप से मदद की और इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर को डॉक्टर विशेषज्ञों की टीम एवं स्वास्थ्य केंद्र का लोकल स्टाफ ने संयुक्त रूप से मिलकर श्रीमंत माधवराव सिंधिया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर परीक्षण को संपन्न कराकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर परीक्षण को सफल बनाया।

अंत में डॉक्टर्स विशेषज्ञ एवं लोकल स्टाफ ने सभी अटेंडरों एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए हुए मरीजों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया ।करैरा विधानसभा के वर्षों राजघराने से जुड़े महाराज साहब के करीबी हर बात का अनुसरण करने वाले करैरा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायका भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता शकुंतला खटीक लखन खटीक, जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव के पुत्र करैरा जनपद पंचायत के युवा अनुभवी नेता वर्तमान जनपद अध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष कपिल तिवारी पंडा अरविंद बेड़र अमन लोधी अमोल एवं करैरा बीएमओ नारायण सिंह कुशवाहा एवं दिनारा स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अखिलेश शर्मा समस्त स्टाफ की अध्यक्षता में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पुष्प माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर परीक्षण का आयोजन प्रारंभ किया गया और आने वाली आगम आगामी दिनांकों में खोड़, पिछोर, बैराड़, पोहरी ,सतनबाडा, खनियांधाना , पोहरी, कोलारस नरवर, करैरा, पिछोर आदि के केन्द्र पर श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य शिविर परीक्षण का आयोजन किया जाएगा इस स्वास्थ्य शिविर प्रशिक्षण में सभी मरीज पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

## सचिव संगठन ने कलेक्टर को सचिवों की समस्याओं से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन अशोकनगर के द्वारा जिले के नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और मुलाकात की।

कलेक्टर ने सचिवों के बारे में कहा आप लोग ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के शासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आप सचिव ही शासन की योजनाओं को आम जनता तक असली जामा पहनाते हो, आप सभी अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करते हो और आगे भी जिले को हर योजनाओं में आगे रखे रहेगें। पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर को आश्वत किया कि जिले को हर योजना में प्रथम रखा जाएगा। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी संभाग प्रवक्ता हितेंद्र रघुवंशी जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव मुंगावली, जिला उपाध्यक्ष धनपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की



**अशोकनगर।** आबकारी विभाग ने करीला में आयोजित होने वाले रंग पचंमी के मेले को देखते हुए अवैध शराब के ठिकानों पर कार्रवाई की है। इस दौरान 450 लीटर महुआ लहान को नष्ट किया गया है और 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई प्रभारी आवकारी उपनिरीक्षक सुरेश रघुवंशी द्वारा की गई। आबकारी विभाग के अमले में आरक्षक अजय सिंह तौमर, वेंजती खरे शिवाली भिलाला शामिल थीं। इस दौरान विभाग के इस अमले में मोला डेम खाकलोन दंगलिया आदि ग्रामों में यह कार्यवाही की है। अवैध शराब बनाने वाले लोगों ने खेतों और झाड़ियों में यह लहान छुपा रखा था जो प्लास्टिक के 30 डिब्बों में जप्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया है। जिसकी बाजारू कीमत 75 हजार रूपए है। इस अवैध शराब को लेकर 5 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि करीला का मेला रंग पंचमी पर आयोजित किया जाता है। इस 3 दिवसीय मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस तरह की शिकायतें लगातार किलती रही है करीला में अवैध शराब बा विक्रय होता है जिसे रोकने के लिए अभी से ही यह कार्यवही प्रारम्भ कर दी गई है।

## परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में डीएचओ-2 डॉ. रजनी छारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर से जिला कार्यक्रम प्रबंधक कपिलदेव पाराशर, डिस्ट्रिक्ट डीसीएम आनंद माथुर, परिवार नियोजन प्रभारी हरिनारायण माली, आई पास डेवलपमेंट फाऊंडेशन से संभागीय एवं जिला कोऑर्डिनेटर, सहित चंदेरी, मुंगावली, शाढ़ौरा एवं ईसागढ़ ब्लॉक से समस्त बीसीएम,बीईई,बीपीएम स्टोर कीपर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान एचएमआईएस रिपोर्ट के अंतर्गत अप्रैल से दिसम्बर 2025 माह तक की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, अंतरा इंजेक्शन,ईएसबी पैरिटी रिपोर्ट सहित परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यक्रमों की गुणवत्ता, सुधार डेटा की शुद्धता, सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं लाभार्थियों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में डॉ. रजनी छारी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि परिवार नियोजन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनसामान्य तक पहुंच योग्य बनाया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## ईसागढ़ महाविद्यालय में आत्मनिर्भर थीम पर ब्यूटीशियन कोर्स का समापन हुआ

**ईसागढ़।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यवस्था के तहत ब्यूटी पार्लर (ब्यूटीशियन) कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। 6 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सौंदर्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे वे भविष्य में अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार ऋतु परमार सीडीपीओ रजनी बालू, आदि सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। आज ब्यूटीशियन कोर्स की अंतिम कक्षा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कोर्स शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के प्रभारी प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहरलाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रमुख रूप से जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. दीपा वर्मा एवं डॉ. अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज में रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं।

### करारिया लश्करपुर में 20 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**विदिशा।** ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने का आह्वान किया। सरपंच शशि जादौन ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

## ग्राम पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं तथा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में युवाओं को खेल के प्रति रूचि बढाने तथा नशा से दूर रहने हेतु खेल प्रतियोगिताओं एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण जबाव दर्ज कर शिकायतों का निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन की कोई नॉट अटेण्ड न रहे यह सुनिश्चित करें। माह जनवरी 2026 की ग्रेडिंग के आधार पर सी एवं डी रेटिंग वाले विभाग ग्रेडिंग में सुधार कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने 100 दिवस के अधिक की लंबित शिकायतों पर आवश्यक निर्णय लेकर निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम डेशबोर्ड के अंतर्गत विभागों द्वारा पोर्टल पर दर्ज जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभागवार पोर्टल पर दर्ज योजनाओं की प्रगति के संबंध में विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जैविक हाट बाजार के प्रति जन जागरूकता बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के कृषकों को फूलों की खेती के प्रति जागरूक करने तथा क्लस्टर बनाकर मसाला निर्माण इकाई की ओर अग्रसर किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के युवाओं को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ दिलाकर रोजगार की मुख्य धारा से जोडने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गौशालाओं के सफल संचालन तथा बर्मी कम्पोस्ट खाद के संबंध में निर्देशित किया।

बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित नियमित रूप से बैठकों का आयोजन समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत एजेण्डानुसार अनुसार विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में ग्रामीण हाट बाजारों का निर्धारण,स्कूलों एवं कॉलेजों में स्वंयसिद्धा अंतर्गत आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण दिये जाने,आनंद संस्थान द्वारा प्रत्येक सप्ताह कार्यक्रम किये जाने,विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित सकारात्मक कार्यो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। करीला मेला की तैयारियों के संबंध में विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा की।

## आदि कुमार की निकाली बारात नीलांजना का नृत्य देखकर हो गया वैराग्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कचनार पंचकल्याणक महोत्सव में गुरुवार को आदि कुमार की राजसी क्रियाएं हुई और समस्त राजाओं ने उनकी अधीनता स्वीकार करते हुए भेंट प्रदान की इसके बाद विवाह संस्कार हुए, महिलाओं ने मंगल गीत गाए, अष्टकुमारियों ने नृत्य किया। आदिकुमार की बारात निकाली गई। बारात का शुभारंभ महाराजा नाभिराय के घर से हुआ। इस दौरान बाराती नाश्ते गाते हुए निकले, इस दौरान जगह स्वागत हुआ राजाओं ने भेंट प्रदान की।

### प्रजा को दिया असि मसि, कृषि का संदेश

राजा आदिकुमार का दरबार सजा इस दौरान उन्होंने प्रजा को जीवन यापन की समस्या बताई, उन्होंने प्रजा को जीवन जीने की कला सिखाते हुए असी, मसी , कृषि, विद्या, वाणिज्य की शिक्षा दी। नीलांजना का नृत्य हुआ, नाथ के बाद नीलांजना का मरण देख आदि कुमार को वैराग्य हो गया। इस दौरान उनके दीक्षा संस्कार हुए। मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने विधि नायक भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की दीक्षा संस्कार की विधि कराई। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठित किया कि जाने वाली सभी प्रतिमाओं के दीक्षा संस्कार संपन्न कराए गए।

### आज मनाया जाएगा ज्ञान कल्याणक

शुक्रवार को ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा, सुबह अभिषेक पूजन बस तब कल्याण की पूजन होगी, शांति हवन एवं आचार्य श्री की पूजन होगी। नव दीक्षित मुनिराज ऋषभदेव की आहार चर्या होगी। 6 महीने की कठिन तपस्या के भाग ऋषभदेव आहारचार्य को निकलेंगे। दोपहर में ज्ञान कल्याण की आंतरिक क्रियाएं संपन्न होगी प्राण प्रतिष्ठा होगी प्रतिमाओ को मुनि दुर्लभ सागर द्वारा सूरी मंत्र दिए जाएंगे ।

## रासेयो के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

# ग्रामीणों को अभियान चलाकर जागरूक किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

रासेयो द्वारा 7 दिवसीय शिविर ग्राम ढुडैर में आयोजित किया गया जिसका 4 फरवरी 2024 को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सचिन सिंह द्वारा की गई। समापन समारोह के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा माता सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। अखिलेश बघेल एवं कपिल अहिरवार द्वारा लक्ष्य गीत का गायन किया।

उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नशे के दुष्परिणाम पर एक प्रेरक नाटक का मंचन किया गया। उक्त नाटक के मंचन के पश्चात राष्ट्रीयता एवं बुंदेली संस्कृति के गौरव से ओतप्रोत लोकगीत जन्म दइयों विधाता बुंदेलखंड में का गायन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कपिल अहिरवार द्वारा बुंदेली लोक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉ रंजीत सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को जीवन में सदैव सकारात्मक मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज ठाकुर द्वारा स्वयंसेवकों को आपसी सहयोग एवं एक दूसरे की क्षमता का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में एक टीम की भांति कार्य करने की प्रेरणा एक रोचक कहानी के माध्यम से प्रदान की गयी।

### भारतीय संस्कृति सदैव से त्याग की है

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंह द्वारा अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि भारतीय संस्कृति सदैव से त्याग की संस्कृति है, जिसने संचय के स्थान पर त्याग किया, सामाजिक क्षेत्र में योगदान दिया उसको ही हमारी संस्कृति में पूजनीय माना गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के दौरान आपने जो अनुशासन, समरसता एवं सामुदायिक सेवा का भाव दिखाया है उसे आगे भी अपने जीवन में निरंतर अपनाएं, जिससे कि आप जीवन में अवश्य सफल होंगे एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर ग्राम ढुंढेर के सरपंच श्री सुरेंद्र यादव भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई के प्रभारी डॉ. करन सिंह राजपूत द्वारा सात दिवसीय शिविर का विस्तृत प्रतिवेदन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रवीण पांडे द्वारा आभार प्रदर्शन एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ आनंदी यादव क्रीड़ा अधिकारी का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।